# पहली सेमीकंडक्टर परियोजना का भूमि पूजन जनवरी में होगा

**राब्यू, जागरण • लखनऊ :** एचसीएल और ताइवान की फाक्सकान कंपनी के संयुक्त उपक्रम वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट्स की सेमीकंडक्टर परियोजना में निवेश का रास्ता साफ हो गया है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में प्रस्तावित राज्य की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना की स्थापना को लेकर मृदा परीक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। 48 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली इस परियोजना का भूमि पूजन जनवरी में कराने की तैयारी की जा रही है। इस परियोजना पर करीब 3,706 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

राज्य सरकार सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाना चाहती है। सरकार की कोशिश है कि राज्य में सेमीकंडक्टर उद्योग का ईको सिस्टम विकसित किया जाए। उम्मीद की है कि जनवरी में संभावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में इस परियोजना को भी शामिल किया जाएगा। इसके माध्यम से 3,780 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। सरकार ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए भूमि लागत पर 75 प्रतिशत, स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट देने का प्रविधान नीति में किया है। इस परियोजना के तहत डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स और पावर मैनेजमेंट चिप्स का विनिर्माण किया जाएगा। इसका इस्तेमाल मोबाइल फोन और इलेक्ट्रानिक उपकरणों के निर्माण में किया जाता है। परियोजना को लेकर जिओ टेक सर्वेक्षण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।